माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in E-mail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक २२५०/१०/प्रवेश/MSU/2021–22 दिनांकः ३०।१२।२०२२

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय

विषय –बार काउसिंल ऑफ इण्डिया द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 में विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत है कि बार काउसिंल ऑफ इण्डिया के पत्र संख्या–1783: 2022(LE/.Std. 17-12-2022), दिनांक : 26.12.2022 द्वारा माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को विधि पाठ्यक्रम संचालित किये हेतु मान्यता प्रदान कर दी गई है। सूच्य है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक : 2223/10/एके0/MSU/2022–23, दिनांक : 27.12.2022 द्वारा सम्बद्ध महाविद्यालयों को भी शैक्षणिक सत्र 2022–23 से विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति पत्र निर्गत किये जाने हेतु निवेदन किया गया था, जिसके क्रम में बार काउसिंल ऑफ इण्डिया द्वारा अनुमति पत्र निर्गत कर दिया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि **समस्त विधि महाविद्यालय बार काउसिंल ऑफ इण्डिया द्वारा सर्वप्रथम महाविद्यालय को निर्गत मूल सीटों (जिसमें सेक्शन का स्पष्ट उल्लेख हो) का पत्र एवं शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु निर्गत अनुमति पत्र किसी भी दशा में कल दिनांक : 31.12.2022 को अपराह्न 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु मेरिट निर्गत नहीं की जायेगी।**

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. प्रवेश समन्वयक।
02. सहायक कुलसचिव।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव